# बालिका शिक्षा फाउण्डेशन राजस्थान, जयपुर

एकलव्य भवन, डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015

क्रमांक : प.02 / बा.शि.फा. / गार्गी पुरस्कार / 2023—00004 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक
समस्त।

**विषयः—गार्गी पुरस्कार (प्रथम एवं द्वितीय किस्त) एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना वर्ष 2025—26 के ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम दिनांक 30.12.2025 तक के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि बालिका शिक्षा फाउण्डेशन द्वारा संचालित गार्गी पुरस्कार योजना (प्रथम किस्त एवं द्वितीय किस्त) एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना वर्ष 2025—26 में पात्र बालिकाओं के ऑनलाईन आवेदन पत्र विद्यालय स्तर से "BENEFICIARY SCHEME PORTAL" पर भरवाये जाने की अन्तिम तिथि 15.12.2025 निर्धारित की गई थी। लेकिन उक्त दिनांक तक लगभग 60% बालिकाओं के ही ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए है। सभी पात्र बालिकाओं को पुरस्कार से लाभान्वित करवाये जाने के मध्यनजर अब ऑनलाईन आवेदन की **अन्तिम दिनांक 30.12.2025** निर्धारित की गई है।

योजना प्रावधानानुसार वर्ष 2025—26 में उक्त पुरस्कारो ंके अन्तर्गत पुरस्कार की राशि का अन्तरण DBT के माध्यम से दिनांक 23 जनवरी 2026 (बंसत पंचमी) को किया जाना है।

अतः इस संबंध में आप कार्यालय को निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीनस्थ समस्त निजी एवं राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों को पात्र बालिकाओं के ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम दिनांक 30.12.2025 तक भरने हेतु पाबन्द करें, ताकि सभी पात्र बालिकाऐं पुरस्कार से लाभान्वित हो सकें।

(डॉ. अरूणा शर्मा)
सचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर

क्रमांक : प.02 / बा.शि.फा. / गार्गी पुरस्कार / 2023—00004 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपी :— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, शासन सचिव महोदय, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार
2. निजी सचिव, निदेशक महोदय, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर
3. संयुक्त शासन सचिव महोदय, शिक्षा (ग्रुप—2) विभाग, एवं निदेशक, बा0 शिक्षा फा0, जयपुर
4. उपायुक्त, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, समसा. शिक्षा संकुल जयपुर।
5. निदेशक, संस्कृत शिक्षा निदेशालय, जयपुर।
6. तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., शिक्षा संकुल परिसर, जयपुर।
7. उप निदेशक शाला दर्पण प्रकोष्ठ समसा जयपुर।
8. उप निदेशक मॉडल स्कूल प्रकोष्ठ समसा जयपुर।
9. रक्षित पत्रावली।

सचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Aruna Sharma
Designation : Secretary
Date: 2025.12.15 17:06:55 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19394304